NavBharat Times-New Delhi-
17-02-2011

डीटीयू में वेस्ट वॉटर रीसाइकलिंग शुरू

प्रस || नई दिल्ली : दिल्ली टेक्नॉलजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) के कल्चरल फेस्ट 'इंजीफेस्ट' के दौरान डोमेस्टिक वेस्ट वॉटर रीसाइकलिंग प्लांट का उद्‌घाटन किया गया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. पी. बी. शर्मा ने बताया कि डीटीयू को ग्रीन कैंपस में तब्दील करने की दिशा में यह बड़ा कदम है। हॉस्टलों व दूसरी बिल्डिंगों से वेस्ट वॉटर इकट्ठा किया जाएगा और उसे इस प्लांट के जरिए रीसाइकल किया जाएगा। रीसाइकल हुए पानी का प्रयोग होर्टिकल्चर के लिए होगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल 138 कंपनियों से यहां के स्टूडेंट्स को 683 जॉब ऑफर हुई थी और इस साल अभी तक 113 कंपनियां कैंपस में आ चुकी हैं और स्टूडेंट्स को 662 जॉब ऑफर हो चुकी हैं।